# MSW 09 Project

विशेष- प्रोजेक्ट की हार्ड कोपी केवल परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में प्रेषित करें अन्य किसी कार्यालय को प्रेषित न करें। केवल सोफ्ट कोपी स्वीकार नहीं की जायेगी

**फाईनल प्रोजेक्ट विषय संयोजक को नहीं भेजें ।**

*संक्षिप्त प्रस्ताव केवल ई मेल द्वारा **projectsocialwork@vmou.ac.in** पर भेजें हार्ड कोपी में भेजे गए संक्षिप्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व विद्यार्थी का होगा*

**समाज कार्य स्नातकोत्तर (उत्तरार्द्ध) कार्यक्रम हेतु प्रोजेक्ट रिपोर्ट, सत्र-जुलाई 2021 एवं जनवरी 2022**

**Project Report for the Students of M.S.W. (Final Year) Session July 2021 and January 2022**

एम.एस. डब्ल्यू. (उत्तरार्द्ध) कार्यक्रम के अनिवार्य भाग के रूप में सम्मिलित एम.एस. डब्ल्यू. पाठ्यक्रम जो की एक 'प्रोजेक्ट' है, सभी विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से पूरा करना अनिवार्य है प्रोजेक्ट बनाने हेतु विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए आवश्यक दिशा निर्देशों के अनुसार ही अपना प्रोजेक्ट बनाकर निर्धारित समयावधि में जमा करना होगा, अन्यथा यह विश्वविद्यालय द्वारा मान्य नहीं होगा तथा विद्यार्थी का परीक्षा परिणाम समय से घोषित किया जाना संभव नहीं होगा विद्यार्थी निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपना प्रोजेक्ट बनाकर जमा कर सकते है-

1. गैर सरकारी संस्था (एन.जी.ओ.) के संरचनात्मक ढांचे तथा कार्यप्रणाली का अध्ययन
2. स्वच्छ भारत अभियान के प्रति सामाजिक जागरूकता का मूल्यांकन
3. डिजीटल इंडिया अभियान के प्रति ग्रामीण एवं कृषक समुदाय का दृष्टिकोण
4. राजस्थान राज्य में भामाशाह योजना के सामाजिक-आर्थिक प्रभावों का अध्ययन
5. राजस्थान राज्य में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना के सामाजिक-आर्थिक प्रभावों का अध्ययन
6. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के सामाजिक-आर्थिक प्रभावों का अध्ययन
7. औद्योगिक संस्थान में श्रमिकों की कार्य दशाओं का अध्ययन
8. गन्दी बस्ती के निवासियों की स्वास्थ्य सम्बन्धी प्रमुख समस्याओं का अध्ययन
9. पर्यावरण संरक्षण के प्रति युवा वर्ग में जागरूकता का अध्ययन
10. राजस्थान की किसी एक जनजाति के सामाजिक-आर्थिक विकास में भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों के योगदान का अध्ययन
11. किसी ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत एक स्वंय सहायता समूह (Self Help Group) का अध्ययन: निर्धनता उन्मूलन अथवा महिला सशक्तिकरण के सन्दर्भ में
12. सोशल मीडिया के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव (राजस्थान के विशेष सन्दर्भ में)
13. राजस्थान के परिप्रेक्ष्य में कोविड-19 के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव
14. कोविड-19 लोक डाउन का प्रवासी श्रमिकों पर प्रभावों का अध्ययन
15. कोविड-19 से बचाव एवं रोकथाम हेतु सामाजिक उत्तरदायित्व की आवश्यकता एवं महत्व

प्रोजेक्ट कार्य का संक्षिप्त प्रस्ताव ( Brief Proposal) जमा करने की अंतिम तारीख- जनवरी सत्र हेतु 15 सितम्बर एवं जुलाई सत्र हेतु 15 अप्रैल है प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि जनवरी सत्र हेतु 15 नवम्बर एवं जुलाई सत्र हेतु 15 मई है।

**नोट- प्रोजेक्ट कार्य का संक्षिप्त प्रस्ताव ( Brief Proposal) केवल ई मेल द्वारा प्रेषित करें-**

E-mail- **projectsocialwork@vmou.ac.in**

**प्रोजेक्ट कार्य के संक्षिप्त प्रस्ताव के अनुमोदन से सम्बंधित सूचना केवल ई मेल द्वारा ही उपलब्ध करवाई जायेगी।**